2023

HINDI

(Honours Elective)

Paper : HIN–HE–6036

(हिन्दी का वैश्विक परिदृश्य एवं प्रवासी हिन्दी साहित्य)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) बारहवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन किस देश में आयोजित हुआ है?

(ख) विश्व हिन्दी दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?

(ग) विश्व हिन्दी सचिवालय किस देश में स्थित है?

(घ) 'लाल पसीना' उपन्यास कब प्रकाशित हुआ था?

(ङ) 'लाल पसीना' उपन्यास में चर्चित दो भिक्षु नाविक कहाँ के थे?

(च) फूलवन्ती किसकी पत्नी थी?

(छ) कैदियों ने बंदीगृह के द्वार पर खड़े-खड़े ऊँघने वाले सिपाही को कौन-सा नाम दिया था?

(ज) "अतीत की एक-एक ईंट जुड़ती हैं, तब कहीं जाकर बनता है वर्तमान!" यह पंक्ति किस कहानी में आयी है?

(झ) "यहाँ घर बनाने कोई नहीं आया है।" इस पंक्ति में 'यहाँ' पद किस स्थान के लिए प्रयुक्त हुआ है?

(ञ) अपनी माँ सीमा को कौन बचपन में आँसुओं को रोकने के लिए मुँह में सूखा धनिया रखने के लिए कहा करता था?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) फादर कामिल बुल्के मूलतः किस देश के निवासी थे? कौन-सा शब्दकोश उनके हिन्दी-प्रेम का जीवंत प्रमाण है?

(ख) अभिमन्यु अनत किस देश के हिन्दी साहित्यकार हैं? उपन्यास-लेखन के संदर्भ में उन्हें कौन-सी आख्या प्राप्त हुई है?

(ग) कुन्दन ने किस क्रिओल कैदी को पीछे करके खुद चाबुक की मार खायी थी? इस घटना के बाद मलगासी कैदी उन्हें क्या कहकर पुकारने लगे थे?

(घ) 'लाल पसीना' उपन्यास में उल्लिखित 'मारीच देसवा' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) "तुमने उसका नाम भी रख लिया?" किसने किससे इस प्रकार पूछा था?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'विश्व फलक पर हिन्दी' विषय पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) विश्व हिन्दी सम्मेलनों के आयोजन के उद्देश्य का खुलासा कीजिए।

(ग) "वाह रे मेरे देश की मैना! जहाँ तुम्हारे देश के लोग खुरी घँस-घँसकर बंजर जमीन को खेतों में बदल रहे हैं, वहाँ तुम भी फ़सलों पर उत्पात करनेवाली टिड्डियों को मिटाकर इस देश को सँवारने में अपने ढंग से सहयोग दे रही हो।" प्रस्तुत कथन के संदर्भ एवं आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) पुष्पा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ङ) 'कौन-सी जमीन अपनी' शीर्षक कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(च) 'साँकल' कहानी के नामकरण की सार्थकता पर विचार कीजिए।

4. निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

"मुद्दत बाद किसी दूर देश में निहत्थेपन की स्थिति को जीते हुए अपनी भाषा के अक्षरों पर नज़र पड़ जाने का मतलब होता है नवजीवन पा लेना और किसी घटाटोप अँधेरे में एकाएक प्रकाश का कौंध जाना।"

* * *

अथवा

"सूरज पसीने को नहीं पीता। उसे अपने ठंडे हो जाने का डर रहता है। शायद यही कारण हो कि मज़दूर भी अपने पसीने से अपनी प्यास को नहीं बुझा पाता। पर यह परहेज़ धरती को नहीं था। मज़दूरों के माथों से छूटती हर बूँद को धरती पीती गई।"

5. निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) 'विश्व में हिन्दी की लोकप्रियता' विषय पर एक निबंध लिखिए।

अथवा

भूमंडलीकरण के युग में हिन्दी के समक्ष खड़ी चुनौतियों को रेखांकित करते हुए उनके समाधान के उपाय सुझाइए।

(ख) किसन की चारित्रिक विशेषताओं का खुलासा कीजिए।

अथवा

'प्रवासी भारतीयों की अस्मिता की पहचान' की दृष्टि से 'लाल पसीना' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'कोख का किराया' कहानी की मूल विषय-वस्तु पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'यों ही चलते हुए' कहानी की कलात्मक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

★★★